सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 180 | इंदौर, मंगलवार 13 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

रतलाम-झाबुआ रोड पर क्रेन-JCB से ढाई घंटे में निकाले शव, बुरी तरह चिपक गए थे

## टाइल्स से भरा ट्रक लोडिंग वाहन पर पलटा...3 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम-झाबुआ रोड पर सोमवार रात टाइल्स लोड एक ट्रक चढ़ाई चढ़ते समय रिवर्स हुआ और पीछे आ रहे लोडिंग वाहन पर पलट गया। ट्रक के नीचे दबने से लोडिंग वाहन में सवार तीनों लोगों की मौके पर ही जान चली गई। शव बुरी तरह चिपक गए थे, जिन्हें निकालने के लिए पुलिस को करीब ढाई घंटे मशक्कत करनी पड़ी। मृतकों में दो रतलाम और एक झाबुआ का रहने वाला था।

### कोयला घाटी की चढ़ाई पर बिगड़ा बैलेंस

हादसा बिलपांक थाना क्षेत्र के गांव उंडवा के पास रात करीब 10 से 10.30 बजे के बीच हुआ। झाबुआ की तरफ से रतलाम आ रहा ट्रक कोयला घाटी की चढ़ाई चढ़ रहा था। तभी वह असंतुलित होकर रिवर्स हो गया। इससे पीछे चल रहा छोटा लोडिंग वाहन उसकी चपेट में आ गया। ट्रक रिवर्स होकर लोडिंग वाहन पर पलट गया और दोनों वाहन सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। लोडिंग वाहन में अंडे के खाली रैकेट रखे थे।

## सीएम डॉ. यादव आज करेंगे खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ, चार चरणों में होगी प्रतियोगिताएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को भोपाल के वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी, बोट क्लब, बड़ा तालाब पर खेलो एमपी यूथ गेम्स का भव्य शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वॉटर प्रोजेक्शन, लेजर शो, आतिशबाजी के साथ ही प्रसिद्ध गायिका शेफाली अल्वारेस और दिव्या कुमार की शानदार प्रस्तुति भी होगी। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि खेलो एमपी यूथ गेम्स देश में पहली बार खेल विभाग और सभी मान्यता प्राप्त खेल संघों के संयुक्त समन्वय से आयोजित किए जा रहे हैं। भोपाल से मध्य प्रदेश के इस सबसे बड़े खेल महाकुंभ का भव्य शुभारंभ होगा, जिसमें बड़ा तालाब, जल कला और आधुनिक तकनीक का सजीव प्रदर्शन देखने को मिलेगा। खेलो एमपी यूथ गेम्स की प्रतियोगिताएं चार चरणों विकासखंड, जिला, संभाग और राज्य स्तर में आयोजित की जाएंगी। इन खेलों में प्रदेशभर से लगभग 1.50 लाख खिलाड़ी भाग लेंगे। ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिताएं 13 से 16 जनवरी, जिला स्तर की 16 से 20 जनवरी, संभाग स्तर की 21 से 25 जनवरी और राज्य स्तर की प्रतियोगिताएं 28 से 31 जनवरी तक आयोजित होंगी। राज्य स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को लगभग 4 करोड़ रुपये के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिसमें प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय 11 हजार रुपये शामिल हैं।



एमपी स्टार्ट-अप समिट-2026: सीएम बोले-

# नवाचारों को प्रोत्साहन हमारा संकल्प युवा ही देश को देते हैं नई दिशा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्यमिता, नवाचार और व्यापार भारतीय संस्कृति और संस्कारों का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। प्राचीन काल से ही भारत व्यापार और व्यवसाय की गहरी समझ रखने वाला देश रहा है। युवा ही देश को नई सोच और नई दिशा देते हैं तथा उनके नवाचार विकास की मजबूत नींव बनते हैं। इसलिए नवाचारों को प्रोत्साहन देना राज्य सरकार का संकल्प है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित दो दिवसीय मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट–2026 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि भारत में 6 करोड़ से अधिक एमएसएमई कार्यरत हैं, जो देश की जीडीपी में 30 प्रतिशत से अधिक का योगदान देते हैं, जबकि कुल निर्यात में इनकी हिस्सेदारी करीब 45 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में स्टार्ट-अप्स का योगदान अतुलनीय है। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इको-सिस्टम बन चुका है और देश चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो गया है।

समिट के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 156 स्टार्ट-अप्स को 2.5 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत 21 स्टार्ट-अप्स को 8.17 करोड़ रुपये से अधिक की ऋण राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। उन्होंने सफल और विकासशील स्टार्ट-अप्स के फाउंडर्स और इंक्यूबेटर्स को सम्मानित किया। इसके साथ ही एमएसएमई विभाग और चार प्रमुख संस्थाओं के बीच दीर्घकालिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के सफल स्टार्ट-अप्स पर आधारित एक बुकलेट का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के महान वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चंद्र बोस के कार्यों को यदि उस समय समुचित पहचान मिलती, तो भारत नवाचार के क्षेत्र में और आगे होता। अब प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में देशभर में स्टार्ट-अप और रिसर्च को निरंतर प्रोत्साहन मिल रहा है। मध्यप्रदेश में लागू स्टार्ट-अप नीतियों के चलते आज अकेले इंदौर में 2200 से अधिक स्टार्ट-अप कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार युवाओं द्वारा किए जा रहे नवाचारों को हरसंभव समर्थन दे रही है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि युवा शक्ति के पास दुनिया बदलने की क्षमता है। स्टार्ट-अप नीति 2025 के तहत नए उद्यमियों को इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से प्रारंभिक सहायता दी जा रही है और राज्य सरकार हर नए विचार के साथ खड़ी है। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि स्टार्ट-अप्स ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बना दिया है और भारत का स्टार्ट-अप इको-सिस्टम वैश्विक स्तर पर पहचान बना चुका है। समिट के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टार्ट-अप प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन कर नवाचारों की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा उद्यमी, स्टार्ट-अप फाउंडर्स और इंक्यूबेटर्स उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप समिट–2026 ने राज्य को नवाचार और उद्यमिता के एक मजबूत केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में नया उत्साह और विश्वास पैदा किया।

आवारा जानवरों के काटने की घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी

# कुत्तों के साथ-साथ बंदरचूहे और बिल्लियों के हमले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है और स्थिति यह है कि हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशा निर्देश भी बेअसर साबित हो रहे हैं। रविवार को चार से अधिक क्षेत्रों में पागल कुत्ते के काटने से कई लोग गंभीर घायल हो गए। इस घटना ने एक बार फिर से इंदौर में बढ़ रही कुत्तों की संख्या, प्रशासन द्वारा की जा रही नसबंदी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

वर्ष 2025 के आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि शहर में आवारा जानवरों के काटने की घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। लाल अस्पताल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पिछले बारह महीनों के दौरान इंदौर में आवारा कुत्तों ने कुल 48 हजार 972 लोगों को अपना शिकार बनाया। इन घायलों में बड़ी संख्या में ऐसे पीड़ित भी शामिल थे जिन्हें एंटी रैबीज इंजेक्शन के साथ-साथ गहरे जख्मों के कारण टांके भी लगवाने पड़े। यह संख्या केवल हुकुमचंद पॉली क्लिनिक की है, जबकि यदि जिले के अन्य सरकारी और निजी अस्पतालों के आंकड़े मिलाए जाएं तो यह संख्या 55 हजार के पार पहुंचने की संभावना है। हुकुमचंद पॉली क्लिनिक के प्रभारी डॉक्टर आशुतोष शर्मा के मुताबिक वर्ष 2025 में कुत्तों के अलावा अन्य जानवरों का भी आतंक रहा। आंकड़ों के अनुसार पिछले साल



बिल्लियों ने 2758, चूहों ने 1362, बंदरों ने 573 और सांपों ने 12 लोगों को काटकर घायल किया। इसके अतिरिक्त अन्य छोटे जीव-जंतुओं के हमले में 154 लोग जख्मी हुए। राहत की बात यह रही कि त्वरित उपचार मिलने से सभी पीड़ितों को किसी भी बड़ी अनहोनी से बचा लिया गया।विस्तृत आंकड़ों पर नजर डालें तो कुत्तों के हमले का शिकार होने वालों में 31 हजार 269 पुरुष, 8 हजार 976 महिलाएं और 8 हजार 727 नाबालिग बच्चे शामिल हैं। चूहों ने भी शहरवासियों को काफी परेशान किया है, जिनमें 845 पुरुष, 391 महिलाएं और 126 बच्चे शिकार बने। बंदरों के हमले में 320 पुरुष, 162 महिलाएं और 91 बच्चे घायल हुए। सांप के काटने के मामलों में 10 पुरुष, 1 महिला और 1 नाबालिग बच्चा शामिल है। अन्य कीड़ों और जानवरों ने भी 106 पुरुषों, 27 महिलाओं और 21 बच्चों को अपना शिकार बनाया। वर्ष 2025 की शुरुआत से ही कुत्तों का हमला जारी रहा। जनवरी में 4535, फरवरी में 4024, मार्च में 4106, अप्रैल में 3881 और मई में 3880 लोग कुत्तों का शिकार बने। जून माह में यह संख्या 3382 रही, जबकि जुलाई में बढ़कर 4461 हो गई। अगस्त में 3630, सितंबर में 3997 और अक्टूबर में 3942 मामले सामने आए। नवंबर में मामूली गिरावट के साथ 2994 केस दर्ज हुए, लेकिन साल के अंतिम माह दिसंबर में यह आंकड़ा सबसे अधिक 4971 तक पहुंच गया। डॉक्टर आशुतोष शर्मा ने स्पष्ट किया कि यह डेटा केवल उन मरीजों का है जो उपचार और इंजेक्शन के लिए लाल अस्पताल पहुंचे। निजी क्लीनिकों और अन्य अस्पतालों में जाने वाले मरीजों की संख्या इसमें शामिल नहीं है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि जमीनी स्तर पर स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

# पौने 2 करोड़ रुपये कीमत की एक्सपायर बीयर को किया गया नष्ट

## नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए इंदौर आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई

- माउण्ट एवरेस्ट ब्रेवरीज लिमि. मेमदीग्राम, सिमरोल द्वारा बनायी गई थी बीयर
- निश्चिम समय पर निर्यात नहीं होने से 2 लाख 23 हजार 316 लीटर बीयर हो गई थी एक्सपायर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इन्दौर जिले के सिमरोल क्षेत्र स्थित माउण्ट एवरेस्ट ब्रेवरीज लिमि. मेमदीग्राम में निर्धारित नियमों एवं मानक संचालन प्रकिया के अंतर्गत विभिन्न ब्राण्डों की 23154 पेटियों में भरी 2 लाख 23 हजार 316 लीटर एक्सपायर बीयर को नष्ट किया गया है, जिसका डिस्टलरी मूल्य लगभग पौने 2 करोड रुपये है। उपायुक्त आबकारी श्री संजय तिवारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा नियमानुसार बीयर को नष्टीकरण करवाया गया।

इस संबंध में सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी द्वारा बताया गया कि माउण्ट एवरेस्ट ब्रेवरीज लिमि. मेमदीग्राम, सिमरोल द्वारा मध्यप्रदेश सहित दिल्ली, असम एवं महाराष्ट्र राज्यों में भेजे जाने हेतु उक्त बीयर निर्मित की गयी थी, परन्तु उक्त राज्यों से समय पर डिमाण्ड न प्राप्त होने से निश्चित समय के भीतर उपरोक्त बीयर प्रदाय/निर्यात नहीं की जा सकी थी। उक्त बीयर की निर्माण तिथि से 6 माह की अवधि अधिक हो जाने की जानकारी इकाई प्रभारी द्वारा आबकारी विभाग को दी गयी। उक्त जानकारी को आबकारी विभाग द्वारा गंभीरतापूर्वक लिया जाकर नियमानुसार प्रक्रिया का पालन कर इसके नष्टीकरण की कार्यवाही की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उक्त बीयर का किसी भी स्तर पर विक्रय अथवा आपूर्ति नहीं हो।

आबकारी विभाग द्वारा निर्धारित प्रकियानुसार स्कंध का सत्यापन, गणना आदि कर विभाग की सतर्क निगरानी में एक्सपायर बीयर का नष्टीकरण किया गया, ताकि जन स्वास्थ्य एवं उपभोक्ता हितों की सुरक्षा बनी रहे। सम्पूर्ण कार्यवाही तीन दिवसों गत तीन दिवसों में की गई। सबसे पहले बोतल में भरी बीयर को बहाकर नष्ट किया गया तथा केन में भरी बीयर को बुल्डोजर एवं जे.सी.बी मशीन से कुचलकर नष्ट किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करायी गयी। उक्त कार्यवाही के दौरान नष्टीकरण हेतु गठित समिति में नामांकित अधिकारी श्री संजय तिवारी उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता संभाग इन्दौर, श्री अभिषेक तिवारी सहायक आबकारी आयुक्त इन्दौर, श्रीमती प्रतीक्षा शर्मा (इकाई प्रभारी अधिकारी), श्री धर्मेन्द्र जोशी, श्री जहांगीर खान एवं श्री राजेश जैन एवं आर एस पुरोहित समस्त सहायक जिला आबकारी अधिकारी तथा आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती मीना माल एवं आबकारी आरक्षक गण उपस्थित रहे।

### भागीरथपुरा क्षेत्र में अभियान स्वास्थ्यवर्धन जारी

## 50 दलों ने भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्रों में किया सर्वे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सोमवार को 50 दलों ने भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे किया। 182 सदस्यों ने 1657 घरों तक सर्वे दल पहुँचें और 4827 सदस्यों तक पहुँच बनी। महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जांचें की गई। रक्तचाप, शुगर एवं एनीमिया की जांचे भी की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में आज ओपीडी में 12 मरीज डायरिया के आए, जिसमें से 03 को रैफर किया गया। हेल्थ कार्ड आज भागीरथपुरा क्षेत्र के निवासियों को वितरित किये गए हैं, जिसमें उनके स्वास्थ्य के सूचकांकों की जानकारी दी गई है। आशा कार्यकर्ताओ ने लोगों को भयमुक्त रहने के बारे में समझाइश दी।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में 03 एम्बुलेंस लगाई गई हैं, 24x7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है। मरीजों को एम.व्हाय. चिकित्सालय, अरविंदों अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है, जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहें हैं, वहाँ पर भी निःशुल्क उपचार, जाँच एवं औषधि हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा निर्देशित किया गया है। 'अभियान स्वास्थ्यवर्धन' के अंतर्गत मनोचिकित्सकीय परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें समुदाय को मानसिक रुप से स्वस्थ रहने के लिए ब्रिदींग प्रेक्टिस तथा अन्य तरीके भी सिखाए गए, जिसमें लोगों ने अपने आपको काफी सहज एवं सुरक्षित महसूस किया तथा इसकी प्रशंसा की। बताया गया कि अस्पताल में भर्ती मरीज ठीक होकर अपने घरों को लौट रहे हैं।

### संकल्प से समाधान अभियान की हुई शुरूआत

## पहले दिन 200 से अधिक महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस किये गये जारी

- 31 मार्च तक तक चलेगा अभियान




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सुशासन व स्वराज के लक्ष्य को लेकर आज से इंदौर जिले में 'संकल्प से समाधान अभियान' की शुरुआत हो गई है। परिवहन विभाग ने नंदा नगर के आईटीआई स्थित ड्रायविंग ट्रेनिंग स्कूल में लर्निंग लाइसेंस का कैंप लगा कर इसकी शुरूआत की। यहां पर पहले दिन 200 से अधिक महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाना है।

एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार यह अभियान शुरू किया गया है। इसमें नए लाइसेंस बनाना, रिन्यूअल, डुप्लीकेट लाइसेंस बनवाना आदि काम किए जाएगें। सोमवार को इस अभियान की शुरूआत की गई है। यहां पर लर्निंग लाइसेंस बनाए गए है। शिविर में आवेदकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह भी चल रहा है। सड़क सुरक्षा माह के तहत शहर के स्कूल-कॉलेजों, बाजारों और प्रमुख चौराहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लर्निंग लाइसेंस बनवाने वाली महिलाओं को हेलमेट के उपयोग के लिए विशेष तौर से समझाइश दी जा रही है। इसके अलावा कार में बैठते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिए भी कहा जा रहा है।

# संस्था "आदित्य "के तत्वावधान में आयोजित शानदार -जानदार "आइकोनिक फैशन शो व पत्रकार सम्मान समारोह "का आयोजन संम्पन्न..

**अलग अलग कलाकारों व मॉडलों की परफॉर्मेंस से इवेंट्स सुपरहिट रहा। अलग थीम का यह आयोजन शहर ही नही बल्कि प्रदेश में चर्चा का विषय बना..संस्था के अगले आयोजन का लोगो को बेसब्री से इंतजार..कई गुमनाम कलाकारों को मंच मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नही।राष्ट्रकवि पंडित सत्यनारायण 'सत्तन 'व नंदू भय्या की गरिमामय उपस्थिति से प्रोग्राम में लगे चार चांद..**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)





इंदौर। सफलतम आयोजन की फेहरिस्त में शनिवार की शानदार शाम का नाम शान से संस्था 'आदित्य 'ने और जोड़ दिया। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति से यह शाम लोगो के जेहन में लंबे समय तक यादगार रहेगी। कार्यक्रम की आरंभ में मीठी व सुरीली आवाज की धनी 'वाह वाह क्या बात हैं 'फेम शिवपुरी की मशहूर कवियत्री सुश्री अंजली गुप्ता ने सरस्वती वंदना से इस खूबसूरत शाम का आगाज किया। तत्पश्चात माँ भारती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कार्यक्रम क़े मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के बड़े भाई व उज्जैन प्रेस क्लब क़े अध्यक्ष श्री नंदलाल जी यादव 'नंदू 'भय्या ,आकाशवाणी कलाकार,रचनाकार व अनेक विधाओं के धनी सीए दिलीप नीमा जी,कार्यक्रम संयोजक व प्रमुख हिन्दी अखबार 'आदित्य की आवाज'के mp-cg हेड सचिन नीमा, प्रसिद्ध समाजसेवी व भारतीय सेना के जवान जितेन्द्र जी मोर्य,पत्रकार विनोद निगम,सोनी टीवी व जीटीवी की ऐक्ट्रेस राशिका नीमा, समाजसेवी व एनजीओ की संचालक अर्चना गुप्ता, कराओके गुरु दीपक मल्होत्रा,डॉ. ज्योति दवे,अनिता गोयल,अदिति नीमा ने किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत संयोजक सचिन नीमा, विनोद निगम,जितेंद्र मोर्य,मनीष नीमा, शैलेन्द्र श्रीमाल ने किया। उसके बाद भारतीय परिधान में मॉडलों ने संगीत की मधुर स्वरलहरियों पर रेम्प पर वाक कर पूरे माहौल को रंगारंग कर मनमोहक कर दिया। फेमस नृत्यांगना स्मृति आदित्य की टीम ने जो कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी तो पूरा बाबाश्री गार्डन तालियों की गूंज से गुंजायमान हो गया। जूनियर पुष्पा ने भी डांस कर पूरा मजमा ही लूट लिया।सबसे कम उम्र के सैक्सोफोन प्लेयर हार्दिक ने ऐसी धुनें बजाई की लोग झूमने पर विवश हो गए।इस पूरे कार्यक्रम का शानदार संचालन फेमस एंकर नीतू गर्ग ने इस तरह किया कि समय का पता ही नही चला औऱ लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में फेमस वेबसिरिज ऐक्ट्रेस मिस सिया की उपस्थिति से भी चार चांद लग गए।सम्मान समारोह व कलाकारों की परफॉर्मेंस के बाद लोगो ने लजीज खाने का लुत्फ उठाया। इस पूरे आयोजन में विशेष सहयोग मोयरा सरिया,जितेंद्र जी मोर्य, सीए दिलीप नीमा, विनोद निगम,प्रवीण मोर्य व राजेश पांडे मित्र मंडल का रहा। अंत मे जल्द ही अगले आयोजन में मुलाकात के वादे के साथ सभी का आभार संस्था संयोजक सचिन नीमा ने माना।

शासन-प्रशासन की त्वरित, समन्वित और संवेदनशील पहल

# भागीरथपुरा में सघन स्वास्थ्य वर्धन अभियान से जनजीवन में लौट रहा भरोसा

## हर घर तक पहुंच रही शासन की स्वास्थ्य सुरक्षा, 24×7 निगरानी में पूरा क्षेत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित घटना के उपरांत शासन-प्रशासन द्वारा की गई त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप क्षेत्र में नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य वर्धन अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से न केवल बीमारियों की पहचान की जा रही है, बल्कि भविष्य की किसी भी संभावित स्वास्थ्य चुनौती से निपटने के लिए ठोस आधार भी तैयार किया जा रहा है।**

### 50 दल, 200 से अधिक स्वास्थ्यकर्मी, हर घर तक सीधी पहुँच

भागीरथपुरा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के 50 दलों में तैनात 200 से अधिक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी 24×7 सक्रिय हैं। ये दल घर-घर पहुँचकर लगभग 20 निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर नागरिकों की जांच कर रहे हैं। अभियान के अंतर्गत प्रभावित नागरिकों का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित किया जा रहा है तथा प्रत्येक नागरिक को हेल्थ कार्ड प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड का सुव्यवस्थित संधारण संभव हो सके।

### मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप "इलाज में शून्य असुविधा" का लक्ष्य

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी ने बताया कि डॉ. मोहन यादव की स्पष्ट मंशा है कि भागीरथपुरा क्षेत्र का कोई भी नागरिक इलाज से वंचित न रहे। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में यह अभियान निरंतर गति से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में स्वास्थ्य वर्धन अभियान प्रारंभ कर आगामी 6 दिनों में क्षेत्र के लगभग 60 हजार नागरिकों का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान



के अंतर्गत विगत तीन दिन में अब तक लगभग 12 हजार 521 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण पूर्ण किया जा चुका है। गंभीर बीमारियों की पहचान होने पर संबंधित नागरिकों को तुरंत उच्च स्तरीय उपचार से जोड़ा जा रहा है।

### मौके पर ही उपचार, समय पर पहचान – यही अभियान की विशेषता

अभियान के दौरान उल्टी-दस्त जैसी बीमारियों के साथ-साथ अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं का मौके पर ही उपचार किया जा रहा है। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर रेफरल की सुव्यवस्थित व्यवस्था भी की गई है। इससे नागरिकों को अस्पतालों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है और विश्वास का वातावरण निर्मित हुआ है।

**विस्तृत मानकों पर हो रही जांच-** स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान डिहाइड्रेशन स्तर, एमयूएसी, पोषण स्थिति, हीमोग्लोबिन, एनीमिया, रक्तचाप, ब्लड शुगर, उच्च रक्तचाप, उल्टी-दस्त के मामलों का फॉलोअप, गर्भवती एवं धात्री माताओं की स्वास्थ्य स्थिति, गंभीर बीमारियां सहित अनेक महत्वपूर्ण मानकों की जांच की जा रही है। यह अभियान विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### दीर्घकालीन स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में भी एक मजबूत नींव

स्थानीय रहवासी अनिता यादव, शैलेन्द्र अजीते, विमला बाई, जगदीश मेहर, आनंद वर्मा, जय सुनहरे एवं लक्ष्मी वानखेड़े सहित अनेक नागरिकों का कहना है कि इस पहल से उन्हें न केवल उल्टी-दस्त जैसी समस्याओं की जानकारी मिल रही है, बल्कि शुगर, ब्लड प्रेशर और अन्य गंभीर बीमारियों का भी समय रहते पता चल रहा है। इससे भविष्य में किसी भी बड़े स्वास्थ्य संकट से बचाव संभव होगा। भागीरथपुरा में संचालित स्वास्थ्य वर्धन अभियान की यह पहल न केवल वर्तमान स्थिति को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध हो रही है, बल्कि दीर्घकालीन स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में भी एक मजबूत नींव रख रही है।

# नो एंट्री तोड़ने वालों पर सख्ती लगेंगे मूवेबल व्हीकल बैरियर




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। यातायात पुलिस अब नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर नियंत्रण के लिए अत्याधुनिक तकनीक का सहारा लेने जा रही है। शहर में नो एंट्री नियमों का उल्लंघन कर प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को रोकने के लिए जल्द ही 'मूवेबल व्हीकल बैरियर' या 'व्हीकल अरेस्टर' को यातायात पुलिस के उपकरण बेड़े में शामिल किया जाएगा।

बीते दिनों टायर किलर को शामिल करने के बाद अब मूवेबल व्हीकल बैरियर को भी संसाधनों में जोड़ा जा रहा है। बताया जा रहा है कि इंदौर यातायात पुलिस इस आधुनिक उपकरण को अपनाने वाला देश का पहला यातायात विभाग होगा। इसके लिए विभागीय स्तर पर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यातायात पुलिस ने जानकारी दी है कि अगले दो हफ्तों में विभाग का नया मोबाइल ऐप भी जनता को समर्पित किया जाएगा। इस ऐप के जरिए नागरिकों को ट्रैफिक नियमों, सूचनाओं और अन्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। मूवेबल व्हीकल बैरियर का मुख्य उपयोग तय समय के अलावा नो एंट्री पॉइंट से शहर में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे भारी वाहनों को रोकने के लिए किया जाएगा। यह एक पोर्टेबल और अस्थायी अवरोधक होता है, जिसे जरूरत के अनुसार सड़क पर लगाया जा सकता है। यह मॉड्यूलर सेक्शन से बना होता है और यातायात को नियंत्रित करने में सहायक रहेगा।

फिलहाल यातायात पुलिस ऐसे मूवेबल व्हीकल बैरियर खरीदने की तैयारी में है, जो एक बार में 10-10 मीटर की दो सड़कों को कवर करने की क्षमता रखते हों। इससे नो एंट्री पॉइंट पर पुलिस को भारी वाहनों को रोकने में और मजबूती मिलेगी। गौरतलब है कि पिछले चार महीनों से इंदौर में नो एंट्री को लेकर यातायात पुलिस बेहद सख्त है। शहर में कुल 34 नो एंट्री पॉइंट हैं, जिनमें से 19 मुख्य हैं। यहां तीन शिफ्ट में प्रतिदिन करीब 170 पुलिसकर्मियों की तैनाती रहती है। बिना अनुमति कोई भी भारी वाहन तय समय के अलावा शहर में प्रवेश नहीं कर सकता और इसके लिए डीसीपी ट्रैफिक से अनुमति लेना अनिवार्य है।

**पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण में लिप्त 02 बदमाशों को विभिन्न शर्तों के अधीन निर्बंधन सहित, आपराधिक गतिविधियों में लिप्त कुल 10 शातिर बदमाशों के विरुद्ध, किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी**

# 3 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर कर, किया गया इंदौर व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमा से निष्कासित

- **7 अन्य बदमाशों के विरुद्ध निर्बन्धन आदेश जारी कर, थाना हाजरी होने के लिए किया गया पाबंद**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इदौर नगरीय क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा सक्रिय गुंडे बदमाशों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस आयुक्त द्वारा संबंधित जोन के पुलिस अधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन पर कार्यवाही करते हुए 03 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर तथा 07 अन्य शातिर बदमाशो को थाना हाजरी के लिए निर्बन्धन आदेश जारी किया है। जिसमें विशेष रूप से मानव जीवन व पशु/पक्षियों के लिए घातक प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण में लिप्त 02 बदमाशों के निर्बंधन आदेश कर विभिन्न शर्तों के अधीन पाबंद किया गया है।**

आदतन बदमाश जो कि आपराधिक प्रवृत्ति के होकर इनके द्वारा क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा था। इन अपराधियों के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं के कई अपराध शहर के विभिन्न थानों में पंजीबद्ध है। बदमाशों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के उपरांत भी इनके द्वारा लगातार अपराध कारित कर आम लोगों की शांति भंग कर क्षेत्र की लोक व्यवस्था भंग की जा रही थी।

उक्त बदमाशो की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु बदमाशों के विरुद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत कार्यवाही हेतु इनके प्रकरणों के प्रतिवेदन को श्रीमान पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरणों की जांच एवं विचारण उपरांत पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त 03 बदमाश जिसमें इरफान उर्फ इफ्तेखार उर्फ बाबू टिपिया उम्र 36 वर्ष निवासी 146 ग्रीन पार्क कॉलोनी थाना चदंन नगर इंदौर (अवधि - 01 वर्ष), तनवीर उर्फ तन्नू उर्फ मसूदी पिता अब्दूल गनी उम्र 25 वर्ष निवासी 167 हीना पैलेस कॉलोनी थाना खजराना इंदौर ( अवधि - 06 माह) तथा रोहित पिता विक्रम धनगर उम्र 20 साल निवासी 748/19 मेघदूत नगर थाना हीरानगर इंदौर ( अवधि - 06 माह) शामिल है।

उक्त तीनों बदमाशों को निर्धारित अवधि के लिए जिला इंदौर (नगरीय एवं देहात) एवं उससे लगे सीमावर्ती जिलो की सीमाओं के लिये प्रतिबंधित करने हेतु जिलाबदर आदेश जारी किया गया है। इसके साथ ही आदतन बदमाशों की आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए, पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा उक्त 07 बदमाशों को निर्बंधन आदेश से प्रतिबंधित किया है। इसमें मनीष पिता कन्हैयालाल अग्रवाल उम्र 38 साल निवासी ईएस 03 स्कीम न 78 थाना लसुडिया इंदौर, को विभिन्न गंभीर अपराधों के साथ प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण पर, आरोपी को- (अवधि 06 माह), समीर उर्फ सोनू पिता अकील मेव उम्र 21 साल निवासी मेवाती मोहल्ला इंदौर थाना चदंन नगर को विभिन्न गंभीर अपराधों के साथ प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के विक्रय/भंडारण पर, आरोपी को- (अवधि 06 माह), सलमान पिता अब्दुल सईद कुरैशी उम्र 30 साल निवासी 11 नम्बर लालगली थाना परदेशीपुरा इंदौर (अवधि-01 वर्ष), रवि उर्फ काला पित राजू सितोले उम्र 31 साल, निवासी राहुल गांधी नगर थाना भवंरकुआ इंदौर को (अवधि-01 वर्ष), मोहित उर्फ बिट्टू पिता प्यारेलाल नरवले उम्र 28 साल निवासी म न 28 जोशी मोहल्ला थाना जूनी इंदौर। (अवधि-01 वर्ष), राहुल पिता रामलाल सोलंकी उम्र 32 साल, निवासी 457 भवानी नगर थाना बाणगंगा इंदौर (अवधि-06 माह) तथा अमन उर्फ लाला उर्फ ऋषिराज पिता सियाराम चंदले उम्र 25 साल निवासी- 540 न्यू गौरी नगर थाना हीरानगर इंदौर (अवधि-06 माह)

उक्त निर्बन्धन आदेश की शर्तों के तहत बदमाशों को निर्धारित समय अवधि पर संबंधित थाने देना होगी हाजिरी। अवैधानिक गतिविधियों में नही रहेंगे संलिप्त। शहर में लोकशांति को भंग करने का नही करेंगे कोई कार्य, आदि प्रतिबंधात्मक शर्ते लगाई गई है। बदमाशों द्वारा उक्त निर्बन्धन आदेश की शर्तों का यदि उल्लंघन किया जाता है तो उसके विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। उक्त प्रकरणों पर शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ श्री अजय प्रताप बुंदेला द्वारा की गई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया राज्यव्यापी ग्राम विकास पखवाड़े के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# गांव और ग्रामीण ही देश के विकास की धुरी...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारा देश बदलाव के दौर से गुजर रहा है। हर तरफ विकास की बयार है। गांव-गांव तक सरकार की योजनाओं की जानकारी और विकास कार्यक्रमों का लाभ पहुंच रहा है। गांव और ग्रामीण ही देश के विकास की धुरी है। इनकी मजबूती में ही देश की मजबूती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनअभियान परिषद शासन और समाज के बीच एक सेतु की भूमिका में है। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में जनअभियान परिषद का योगदान निःसंदेह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सबके समन्वित प्रयासों से हम ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश का लक्ष्य प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में 'ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान' के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा 12 से 26 जनवरी तक प्रदेश में आयोजित किये जा रहे 'ग्राम विकास पखवाड़े' के 'राज्यस्तरीय उन्मुखीकरण



एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम' का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस पखवाड़े में की जाने वाली गतिविधियों के बारे में परिषद द्वारा प्रदेश के 313 विकासखंडों से प्रत्येक विकासखंड से आये 2-2 युवाओं को दो दिवसीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती से इस ग्राम विकास पखवाड़े का आयोजन प्रदेश में नई ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने कहा कि हम सबको अपनी ग्रामीण संस्कृति और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखना है। हम सबको राष्ट्र विरोधी ताकतों से एकजुट होकर लड़ना होगा। यही राष्ट्र सेवा और समाज सेवा है। सबके सहयोग से ही हमारी भावना बलवति होगी, फलवती होगी। गांव के विकास में सरकार हर सहयोग करेगी। गांव-गांव तक विकास की बात पहुंचेगी तभी हमारा मध्यप्रदेश आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनअभियान परिषद् की नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से युवा साथी सरकार के विभिन्न विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंचाएं। ये साथी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने सभी युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आकांक्षाओं, अपेक्षाओं और अभिलाषाओं के अनुरूप विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएं, जिससे प्रदेश के सभी नागरिक भी इस संकल्प को साकार करने में सरकार के सहयोगी बनें। वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि गांव ही हमारी आत्मा है और हमें मिलजुलकर इसे मजबूत बनाना है। स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय दर्शन को दुनिया तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत के विकास का सपना देखा है, हम सबको मिलजुलकर यह सपना पूरा करना है। जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन नागर ने कहा कि शिक्षा ही समग्र विकास की धुरी है और हम इसी लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। हम ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने बतायाकि इस अभियान के जरिए परिषद् की प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर संस्थाएं, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के सभी विद्यार्थी एवं परामर्शदाता, परिषद् से जुड़ी स्वैच्छिक संस्थाएं, धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संगठनों द्वारा भी सहभागिता की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह ग्राम विकास पखवाड़ा प्रदेश की चुनिंदा 13 हजार ग्राम पंचायतों में 12 जनवरी से एक साथ प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ल, मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## दिग्विजय सिंह बोले : दलित-आदिवासी मुख्यमंत्री बने तो मुझे खुशी होगी

**भोपाल, एजेंसी।** साल 2002 में दिग्विजय सरकार में लागू किए गए भोपाल डिक्लेरेशन के 25 साल पूरे होने से पहले राजधानी भोपाल में आयोजित भोपाल डिक्लेरेशन-2 की ड्राफ्टिंग बैठक और उसके बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में दलित एजेंडे को लेकर खुली बहस देखने को मिली। एक ओर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने 2002 के दलित एजेंडे के अधूरा रह जाने के लिए अफसरशाही को जिम्मेदार ठहराया। वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने दलित-आदिवासी नेतृत्व को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब दिग्विजय सिंह से पूछा गया कि अगर उनकी सरकार बनती है तो क्या दलित या आदिवासी मुख्यमंत्री बनेगा, तो उन्होंने कहा— "कांग्रेस पार्टी ने पहले भी आदिवासी समाज के राजा नरेशचंद्र सिंह और अजीत जोगी को मुख्यमंत्री बनाया है। अगर अनुसूचित जाति या जनजाति का मुख्यमंत्री बनता है तो मुझे खुशी होगी।"उन्होंने कहा कि नेतृत्व में सामाजिक प्रतिनिधित्व लोकतंत्र को मजबूत करता है। पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने कहा कि 2002 में जब भोपाल डिक्लेरेशन (दलित एजेंडा) लागू हुआ, तब वे दिग्विजय सिंह की कैबिनेट में मंत्री थे।उन्होंने कहा- दलित एजेंडा पवित्र मन से लाया गया था, लेकिन वह अधकचरा रह गया। अधिकारियों, खासकर तहसीलदारों और पटवारियों ने उसे फेल करने में बड़ी भूमिका निभाई।

## 87 बंदियों की समय पूर्व होगी रिहाई

**भोपाल, एजेंसी।** जेल विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के पावन अवसर पर प्रदेश की विभिन्न जेलों में निरुद्ध बंदियों की समय पूर्व रिहाई करने संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। शासन द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के प्रावधानों के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया गया है। जेल विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार इसके तहत प्रदेश की समस्त जेलों में निरुद्ध कुल 481 बंदियों के प्रकरणों पर विधि अनुसार परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत 87 बंदियों को समय पूर्व रिहाई के लिए पात्र पाया गया है। जेल विभाग ने 87 पात्र बंदियों की रिहाई शर्तों के अधीन जारी करने के निर्देश दिए हैं।

## नशे में धुत महिलाओं किया हंगामा

**जबलपुर, एजेंसी।** जिले से करीब 35 किलोमीटर दूर कटंगी क्षेत्र में महिलाओं ने शराब के नशे में जमकर हंगामा किया। ये कबाड़ का काम करती हैं और शहर के बाबा टोला की रहने वाली हैं। तीनों महिलाएं कुछ दिनों से कटंगी में घूम-घूमकर कचरा इकट्ठा करती थी, और रात को फिर बस स्टैंड में ही सो जाया करती थीं। रविवार रात को तीन में से 2 महिलाओं ने जमकर शराब पी ली। नशा होते ही हंगामा करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने जब उन्हें समझाने की कोशिश की तो वे गाली-गलौच करने लगीं। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद तीनों महिलाओं को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। उनके परिजनों को भी सूचना दी गई है।

## मुख्यमंत्री ने सारंगपुर के युवा संगम रोजगार मेले को किया वर्चुअली संबोधित

# युवाओं के सपने साकार करते हुए हमारा देश आगे बढ़ें : डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रोजगारपरक कार्यों से समाज को जोड़कर युवाओं के सपने साकार करते हुए हमारा देश आगे बढ़े, यही हमारा संकल्प है। रोजगार और मेहनत से युवा अपना जीवन सुधारें, देश सवारें, इस उद्देश्य से युवाओं की मदद करना हमारा लक्ष्य है। युवाओं को स्टार्ट-अप नीति और अन्य योजनाओं के माध्यम से मदद की जा रही है।**





प्रदेश के युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश के विभिन्न अंचलों में रोजगार मेले आयोजित किये जा रहे हैं। राजगढ़ जिले के सारंगपुर में आयोजित इस मेले में शाजापुर, सीहोर, आगर-मालवा, देवास, भोपाल और गुना जिलों के युवा उम्मीदवार सहभागिता की। यह मेला प्रदेश के युवाओं को रोजगार के समुचित अवसर दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को सारंगपुर जिला राजगढ़ में आयोजित युवा संगम रोजगार मेला-2026 को रवीन्द्र भवन भोपाल से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप साथ थे। सारंगपुर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुमेर सिंह सोलंकी सहित क्षेत्रीय विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा संगम रोजगार मेले में 150 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इनमें फाइनेंस, सेल्स, मार्केटिंग, हेल्थ केयर, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, सॉफ्टवेयर, डिजिटल मार्केटिंग, क्वालिटी मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रदेश के महाविद्यालयों, आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में, कंपनियों की अपेक्षाओं के अनुसार युवाओं को दक्षता और क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इससे रोजगार मेले में अधिक से अधिक युवाओं का चयन संभव हो रहा है। कंपनियों द्वारा 16 हजार से अधिक पदों पर युवाओं को रोजगार देने के लिए सहमति प्रदान की गई है। कंपनियों द्वारा 3 हजार से अधिक पदों पर महिला उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए भी सहमति दी गई है। मेले में शामिल 8 कंपनियां दिव्यांगजन को भी रोजगार प्रदान कर रही हैं। रोजगार मेले में भाग ले रही कंपनियों द्वारा देश के साथ-साथ विदेश में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है। परमात्मा की सेवा के समान है। रोजगार, जीवन में नई शुरूआत का अवसर प्रदान करता है। रोजगार केवल आय का साधन नहीं अपितु यह अपने स्वाभिमान और परिवार के सपनों को साकार करने का माध्यम भी है। राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं का कार्यक्रमों के माध्यम से हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है। युवा कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। युवा संगम मेले का आयोजन स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस को साकार कर रहा है। कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने मेले में जानकारी दी कि सारंगपुर में आयोजित 'युवा संगम रोजगार मेला' प्रदेश के रोजगार मेलों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि लेकर सामने आया है।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 626 रोजगार मेले आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से लगभग 1 लाख 2 हजार युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया। मंत्री श्री टेटवाल ने बताया कि सारंगपुर में आयोजित रोजगार मेले में पंजीयन कराने वाले लगभग 35 हजार युवाओं में से 10 हजार 112 से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि प्रदेश में अब तक आयोजित सभी रोजगार मेलों में एक नया कीर्तिमान है और एक दिन में सर्वाधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने का यह अब तक का सबसे बड़ा उदाहरण है।

## संपादकीय

# लोकतंत्र की कसौटी असहमति और संवाद से समाधान की राह

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि वाद-विवाद, चर्चा, असहमति और यहां तक कि टकराव भी स्वस्थ लोकतंत्र के आवश्यक तत्व हैं। हालांकि, ऐसी प्रक्रियाओं का अंततः एक निष्कर्ष पर पहुंचना जरूरी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि फैसला हो जाने के बाद उसके कार्यान्वयन में सहयोग करने की सामूहिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राधाकृष्णन ने ये बात कही है। उन्होंने स्नातक की उपाधि हासिल करने वाले छात्रों से अपने ज्ञान और कौशल को राष्ट्र सेवा में समर्पित करने का आग्रह किया। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनके उपदेशों को याद करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा को डिग्री से आगे बढ़कर चरित्र निर्माण, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि और व्यक्तियों के सशक्तिकरण पर जोर देना चाहिए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। राधाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि केवल शिक्षा और उचित प्रशिक्षण ही भारत के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में सक्षम बनाएगा। भारत में ज्ञान की सभ्यतागत परंपरा को रेखांकित करते हुए राधाकृष्णन ने नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन शिक्षा केंद्रों का उल्लेख किया। सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि उपनिषदों और भगवद् गीता से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र और तिरुवल्लुवर के तिरुक्कुरल तक, भारतीय धर्मग्रंथों और शास्त्रों ने निरंतर शिक्षा को सामाजिक और नैतिक जीवन के केंद्र में रखा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सच्ची शिक्षा आचरण और चरित्र का निर्माण करती है, और यह केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। जेएनयू के लोकतांत्रिक लोकाचार का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि वाद-विवाद, चर्चा, असहमति और यहां तक कि टकराव भी एक स्वस्थ लोकतंत्र के आवश्यक तत्व हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसी प्रक्रियाओं का अंततः एक निष्कर्ष पर पहुंचना आवश्यक है। उपराष्ट्रपति ने ग्रेजुएट्स से तीन प्रमुख जिम्मेदारियों का पालन करने का आग्रह किया - सत्य की तलाश में बौद्धिक ईमानदारी, असमानताओं को कम करने के लिए सामाजिक समावेश और राष्ट्रीय विकास में सक्रिय योगदान। उन्होंने उनसे संवैधानिक मूल्यों और भारत की सभ्यतागत नैतिकता से निर्देशित होने और हमेशा अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करने का आह्वान किया।

## Health is Wealth

# अलर्ट : 30 से कम उम्र की महिलाओं में क्यों बढ़ रहा है सर्वाइकल कैंसर का खतरा?

## डॉक्टर ने बताएं चौंकाने वाले कारण




देशभर में हर साल जनवरी महीने को सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। यह खास माह सर्वाइकल स्वास्थ्य और उसकी सुरक्षा के बारे में जानने का एक बेहतरीन समय है। सर्वाइकल कैंसर का सबसे बड़ा कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण है, जो एक यौन संचारित वायरस है। कुछ साल पहले तक सर्वाइकल कैंसर को उम्र से जोड़कर देखा जाता था। लेकिन आज गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर उम्रदराज महिलाओं के साथ-साथ कम उम्र की लड़कियां और युवा महिलाओं को भी अपनी चपेट में ले रहा है। रेनबो हॉस्पिटल की ऑब्स्टेट्रिशियन व गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. अलका चौधरी के अनुसार आजकल 30 साल से कम उम्र की महिलाओं में सर्वाइकल से जुड़ी समस्याएं, खासकर प्री-कैंसर घाव और सर्वाइकल कैंसर, पहले से ज्यादा देखने को मिल रही हैं। यह पिछले कई दशकों में हुई प्रगति के उलट है। यह रुझान इसलिए भी चिंता की बात है क्योंकि सर्वाइकल कैंसर ज्यादातर मामलों में रोका जा सकता है। ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) के हाई-रिस्क स्ट्रेन्स, खासतौर पर HPV-16 और HPV-18 का लंबे समय तक संक्रमण, इसका सबसे बड़ा कारण है और लगभग सभी मामलों से जुड़ा हुआ है।

सीके बिड़ला हॉस्पिटल की ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. तृप्ति रहेजा कहती हैं कि आजकल 30 साल से कम उम्र की महिलाओं में सर्वाइकल से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिसकी वजह कम उम्र में यौन संबंध बनाना, पार्टनर बार-बार बदलना या एक से ज्यादा पार्टनर होना। इस तरह की आदतों से HPV, क्लैमाइडिया और गोनोरिया जैसे इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है, जो सर्वाइकल से जुड़ी समस्याओं की मुख्य वजहों में शामिल हैं।

### ● सर्वाइकल कैंसर के पीछे छिपी बड़ी वजह

सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते आंकड़ों के पीछे HPV वैक्सीनेशन की कमी है। 20 की उम्र वाली कई महिलाओं को शुरुआती टीकाकरण कार्यक्रम नहीं मिल पाते हैं, जिससे वे संक्रमण के ज्यादा जोखिम वाले सालों में असुरक्षित रह गईं। बदलता यौन व्यवहार, कम उम्र में संक्रमण की शुरुआत और HPV स्ट्रेन्स के पैटर्न में बदलाव ने भी संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ाया है। HIV के साथ जी रही महिलाओं में यह जोखिम कहीं ज्यादा होता है, जो दिखाता है कि कमजोर इम्यून सिस्टम सर्वाइकल बीमारी के विकास में अहम भूमिका निभाता है।

### ● रूटीन स्क्रीनिंग की कमी

सर्वाइकल कैंसर को जन्म देने वाली दूसरी वजह, 21 से 29 साल की महिलाओं में रूटीन स्क्रीनिंग का कम होना है। पैप टेस्ट में देरी या उसे मिस कर देने से प्रीकैंसर बदलाव देर से पकड़े जाते हैं। सामाजिक और आर्थिक असमानताएं स्थिति को और खराब करती हैं। कम आय और वंचित समुदायों की महिलाओं को अक्सर स्क्रीनिंग और फॉलो-अप इलाज तक पहुंचने में दिक्कत होती है। अपॉइंटमेंट में देरी और इलाज में गैप जैसी स्वास्थ्य सेवाओं में रुकावटों की वजह से भी कई मामलों में बीमारी एडवांस स्टेज में सामने आ रही है।

### ● सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम HPV वैक्सीनेशन का दायरा बढ़ाकर, स्क्रीनिंग की दर और जागरूकता फैलाने में बेहद अहम है। सेल्फ-सेम्पल HPV टेस्टिंग, हाई-रिस्क ग्रुप्स तक टारगेटेड पहुंच और लगातार पब्लिक एजुकेशन जैसे कदम इस समस्या को समय से बढ़ने पर रोकने के साथ बीमारी से निपटने और लंबे समय तक महिलाओं की सर्वाइकल सेहत को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

New Delhi

# कॉन्ट्रेक्ट पर काम करने वालों को सरकारी कर्मचारियों के बराबर हक नहीं, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि किसी एजेंसी के जरिए अनुबंध पर नौकरी पाने वाले कर्मचारी सरकारी महकमों/निकायों के नियमित कर्मचारियों के बराबर समानता का दावा नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत ने सरकारी महकमों/निकायों के नियमित नौकरी को सार्वजनिक संपत्ति बताया। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और विपुल एम. पंचोली की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि नियमित नियुक्तियां पारदर्शी प्रक्रिया से होती हैं, जिससे सभी योग्य उम्मीदवारों को बराबर मौका मिलता है।**

पीठ ने कहा कि किसी एजेंसी/ठेकेदार के जरिए नौकरी देना उसकी मर्जी पर छोड़ दिया जाता है, जिससे कानून में दोनों श्रेणी पूरी तरह से अलग हो जाती हैं। शीर्ष अदालत ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा 2018 में पारित फैसला रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने किसी तीसरे पक्ष (ठेकेदार) द्वारा नगर निगम के लिए 1994 में अनुबंध पर रखे गए कर्मियों को नियमित कर्मचारी के समान वेतन एवं भत्ता से संबंधित लाभ देने का आदेश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक नियमित और अनुबंध कर्मचारियों के बीच फर्क नहीं होंगे, तो अलग-अलग नियुक्ति तरीकों (स्थायी, अनुबंध और तदर्थ) के मूलभूत आधार अपनी पवित्रता खो देंगे।

पीठ ने कहा कि कानून में इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती क्योंकि किसी राज्य प्राधिकार के तहत नौकरी एक सार्वजनिक संपत्ति है और देश के हर नागरिक को इसके लिए आवेदन करने का हक है। शीर्ष अदालत ने कहा कि नियमित नियुक्ति में सुरक्षा उपाय इसलिए हैं ताकि कोई पक्षपात या अन्य बाहरी विचार न हो, जहां लोगों को, केवल योग्यता के आधार पर, कानून में ज्ञात पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती किया जाता है।

P. Bangal

## 75 फीसदी तक मृत्यु दर, कोई टीका भी नहीं

### बंगाल में 25 साल बाद लौटा निपाह वायरस कितना खतरनाक?



**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में जानलेवा निपाह वायरस के 2 संदिग्ध मामले सामने आने के बाद केंद्र सरकार अलर्ट हो गई हैं। संदिग्ध मामले सामने आने के बाद केंद्र ने एक मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम को बंगाल भेजा है। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि AIIMS कल्याणी में बीते 11 जनवरी को वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई। विशेषज्ञों के अनुसार साल 2001 के बाद यह पहला मौका है जब पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के संदिग्ध मामले सामने आए हैं।

केंद्र द्वारा भेजी गई नेशनल जॉइंट आउटब्रेक रिस्पॉन्स टीम में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (NIV), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी (NIE) और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत वन्यजीव प्रभाग के विशेषज्ञ शामिल हैं। वायरस की उच्च मृत्यु दर और जूनोटिक प्रकृति को देखते हुए विशेष संक्रमण रोकथाम और नियंत्रण प्रोटोकॉल भी अपनाए गए हैं। वहीं राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दोनों संदिग्ध अस्पताल में नर्स हैं और दोनों उसी अस्पताल में इलाजरत हैं, जहां वे कार्यरत थीं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है और यह पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं कि दोनों नर्से निपाह वायरस से कैसे संक्रमित हुईं। इसके साथ ही हाल के दिनों में उनके संपर्क में आए सभी लोगों की पहचान और जांच की जा रही है।

Uttarpradesh

## मिर्जापुर में मां-बेटे का कत्ल... सौतेले भाई ने धारदार हथियार से काटा, सामने आई ये वजह

**वाराणसी, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के मड़िहान थाना क्षेत्र के मड़िहान बाजार में मंगलवार की भोर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक सौतेले बेटे ने अपनी मां और भाई की निर्मम हत्या कर दी। आरोपी ने दोनों शवों को ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर ठिकाने लगाने का प्रयास किया, लेकिन राहगीरों की सतर्कता से पूरी घटना का पर्दाफाश हो गया। स्थानीय बाजार निवासी बिल्डिंग मैटेरियल व्यवसायी आयुष गुप्ता (32 वर्ष) और उनकी मां उषा गुप्ता (62 वर्ष) की धारदार हथियार से उनके ही सौतेले बेटे राहुल गुप्ता ने हत्या कर दी। हत्या के बाद, आरोपी ने दोनों शवों को एक ट्रैक्टर ट्राली पर लादा और उन्हें ठिकाने लगाने के इरादे से ले जाने लगा। हालांकि, किस्मत का खेल देखिए कि आयुष का शव रास्ते में मड़िहान तिराहे पर गिर गया। इसके बाद, आरोपी ने उषा देवी के शव को पटेवर मड़िहान ब्रांच नहर में फेंक दिया।

Bihar

## लव मैरिज की 'सजा' खून...,पिता ने उजाड़ दी बेटी की मांग, घर में घुसकर किया दामाद का मर्डर

**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** लव मैरिज की 'सजा' एक बार फिर मौत बनकर सामने आई है . यहां एक पिता ने बेटी के फैसले को अपनी इज्जत पर हमला मानते हुए कुछ ऐसा किया कि रिश्तों की सारी सीमाएं तोड़ दीं . बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में ऑनर किलिंग की इस दिल दहला देने वाली वारदात में एक युवक को सिर्फ इसलिए जान गंवानी पड़ी, क्योंकि उसने लव मैरिज की थी .



यह सनसनीखेज मामला मुजफ्फरपुर जिले के सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के बंगरा गांव का है. मृतक की पहचान आयुष कुमार के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात आयुष अपने घर में सो रहा था . तभी कुछ लोग अचानक घर में घुस आए और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं . गोली लगते ही आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही सिवाईपट्टी थाना पुलिस मौके पर पहुंची . पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया और घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए . साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ भी शुरू कर दी गई है . गांव में इस हत्या के बाद मातम पसरा हुआ है और लोगों में दहशत का माहौल है. मृतक की पत्नी तनु कुमारी ने इस हत्या के पीछे अपने मायके पक्ष को जिम्मेदार ठहराया है . तनु ने बताया कि उसने करीब डेढ़ साल पहले गांव के ही युवक आयुष कुमार से प्रेम विवाह किया था . यह शादी उसके परिवार को बिल्कुल मंजूर नहीं थी.

खेल

### RCB vs UP: विजय रथ पर सवार आरसीबी

# लगातार दूसरे मैच में यूपी को हराकर दर्ज की जीत

**नवी मुंबई, (एजेंसी) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने यूपी वॉरियर्स को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। सोमवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में यूपी वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पाँच विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने ग्रेस हैरिस और कप्तान स्मृति मंधाना के बीच हुई शतकीय साझेदारी की बदौलत 12.1 ओवर में एक विकेट खोकर 145 रन बना लिए और मुकाबला आसानी से अपने नाम कर लिया।**

### लगातार दूसरी जीत के साथ शीर्ष पर पहुंची आरसीबी

यह आरसीबी की इस टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले टीम ने उद्घाटन मुकाबले में गत विजेता मुंबई इंडियंस को तीन विकेट से हराया था। वहीं, मेग लैनिंग के नेतृत्व वाली यूपी वॉरियर्स अब तक टूर्नामेंट में जीत दर्ज नहीं कर पाई है। अंक तालिका पर नजर डालें तो स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली आरसीबी दो जीत के साथ चार अंक और 1.964 के नेट रन रेट के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, यूपी वॉरियर्स फिसलकर आखिरी पायदान पर पहुंच गई है। दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर क्रमशः गुजरात, मुंबई और दिल्ली की टीमें मौजूद हैं।





### यूपी वॉरियर्स की पारी

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी वॉरियर्स की शुरुआत संभली हुई रही और पावरप्ले में टीम ने 36/1 का स्कोर बना लिया। हालांकि, इसके बाद बल्लेबाजी पूरी तरह लड़खड़ा गई और सिर्फ आठ गेंदों के भीतर चार विकेट गिरने से स्कोर 50/5 हो गया। इस मुश्किल स्थिति में अनुभवी ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन और कप्तान दीप्ति शर्मा ने पारी को संभाला। दोनों ने छठे विकेट के लिए नाबाद 93 रनों की साझेदारी की। दीप्ति शर्मा ने 35 गेंदों में नाबाद 45 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 1 छक्का शामिल था, जबकि डॉटिन ने 37 गेंदों में नाबाद 40 रन की पारी खेली। आखिरी छह ओवरों में दोनों ने तेजी से रन बटोरे और टीम को 20 ओवर में 143/5 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

### आरसीबी की पारी

144 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत बेहद आक्रामक रही। ग्रेस हैरिस ने शुरुआत से ही यूपी वॉरियर्स के गेंदबाजों पर हमला बोल दिया और सिर्फ 22 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया, जो इस सीजन का सबसे तेज अर्धशतक रहा। हैरिस ने 40 गेंदों में 85 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 5 छक्के शामिल थे। एक ओवर में उन्होंने डिएंड्रा डॉटिन के खिलाफ 32 रन बटोर कर मैच लगभग एकतरफा कर दिया। दूसरी ओर, कप्तान स्मृति मंधाना ने शानदार संयम दिखाते हुए 32 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए। दोनों के बीच 137 रनों की साझेदारी हुई।

सिनेमा

## टॉक्सिक के टीजर पर बवाल: यश के कार वाले इंटीमेट सीन की हुई शिकायत, ऐक्शन लेने की मांग





यश की अपकमिंग फिल्म टॉक्सिक अपने बोल्ड सीन की वजह से कॉन्ट्रोवर्सी में आ गई है। मूवी का टीजर 8 जनवरी को रिलीज हुआ था। इसमें यश के कैरेक्टर राया का इंट्रोडक्शन दिखाया गया था। टीजर में यश अमेरिकन एक्ट्रेस नैटली बर्न के साथ गाड़ी के अंदर इंटिमेट सीन दिया है। इस सीन पर आम आदमी पार्टी की महिला विंग ने आपत्ति जताई है और कर्नाटक स्टेट विमिन कमीशन से टीजर बैन करने की मांग की है। यश की फिल्म टॉक्सिक के टीजर पर विवाद शुरू हो गया है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को आम आदमी पार्टी ने कर्नाटक स्टेट विमिन कमिशन से शिकायत की। आम आदमी पार्टी की स्टेट महिला विंग की लीडर्स कमिशन से मिलीं और विजुअल्स को अश्लील बताते हुए इन पर आपत्ति जताई है। विंग ने टीजर से इन विजुअल्स को हटाने के साथ ऐक्शन लेने की मांग भी की है। शिकायत मिलने के बाद कर्नाटक स्टेट कमिशन फॉर विमिन ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन को लेटर लिखकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। आम आदमी पार्टी की स्टेट सेक्रेटरी ऊषा मोहन का दावा है, 'इस मूवी के टीजर में दिखाया अश्लील कंटेंट महिलाओं और बच्चों की सोशल वेल-बीइंग को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है।

## Highlights

1. 21 officers awarded for 'child-friendly policing' in Assam
2. EC bars release of 'Ladki Bahin' instalment ahead of Maha civic body polls
3. Cold wave and dense fog warning issued for several states, list released
4. Job post seeking 'non-Kannada & non-Marathi' HR Head sparks row
5. SEC seeks report on claim of Ladki Bahin aid disbursal in Maha

# India, Germany finalise 19 pacts including defence industrial co-op roadmap

**NEW DElHI, (Agency).** NEW DELHI: India and Germany on Monday finalised measures to deepen economic and security cooperation, including a roadmap for defence industrial collaboration, with Prime Minister Narendra Modi and Chancellor Friedrich Merz describing the two countries as natural partners in a world grappling with geopolitical upheaval and uncertainty.



Merz, on his first visit to Asia since taking office last year, was accompanied by a large business delegation to emphasise the importance of bolstering economic ties with India amid unpredictability created by US trade policies. During talks with Modi in Ahmedabad, Merz underscored the importance of finalising the India-European Union (EU) free trade agreement to drive trade and investment.

The two sides finalised 19 agreements, including a joint declaration of intent on strengthening bilateral defence industrial cooperation, and unveiled other measures such as a Track 1.5 foreign policy and security dialogue and a dialogue on the Indo-Pacific region that will see them working more closely on defence and security matters.

"The growing cooperation in defence and security is a symbol of our mutual trust and shared vision. I express my heartfelt gratitude to Chancellor Merz for simplifying the processes related to defence trade," Modi told a media interaction, referring to Germany's easing of strict procedures for defence exports that has benefited India in recent years.

"We will also work on a roadmap to enhance cooperation between our defence industries, which will open up new opportunities for co-development and co-production," Modi said, speaking in Hindi.

Merz emphasised the need to deepen the bilateral strategic partnership amid "profound geopolitical changes and upheavals in the world". He said, "Europe and trans-Atlantic relations remain important to us. Today, we need to forge a broader network of partnerships and we need to do so swiftly.

# Apple opts for Google Gemini to power Siri in multi-billion dollar AI deal

**NEW DElHI, (Agency).** Apple Inc. has chosen Google Gemini over ChatGPT to power its AI technology as well as Siri in a multi-year deal, in what is seen as a big win for Alphabet Inc. over Sam Altman's OpenAI in the global AI race.

"After careful evaluation, Apple determined that Google Gemini provides the most capable foundation for Apple Foundation Models and is excited about the innovative new experiences it will unlock for Apple users," the two companies said in a joint statement on Monday. Terms of the agreement weren't disclosed.

"Apple Intelligence will continue to run on Apple devices and Private Cloud Compute, while maintaining Apple's industry-leading privacy standards," Google said.

Apple would maintain its privacy standards by continuing to run its AI services on consumers' devices or via Private Cloud Compute—a secure online system. Google Gemini will help support a new version of Siri that is due this year.

The Apple-Google deal for Gemini, their second since Search as default on iPhones, is a major vote of confidence for Alphabet which has been jostling with OpenAI for the partnership. Google Gemini already powers Samsung's Galaxy AI, but the Siri deal unlocks two billion active Apple devices.

To be sure, Apple had in late 2024 rolled out ChatGPT on its devices. While Apple said there were no major changes to the integration as of now, OpenAI was silent on the deal altogether.

# भागीरथपुरा में दूषित पानी से 23वीं मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में दूषित पानी पीने से मरने वालों की संख्या नहीं थम रही है। सोमवार को मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 23 हो गया है। मृतक का नाम भगवानदास पिता तुकाराम भरणे (64) है। वह करीब 10 दिन से हॉस्पिटल में एडमिट थे। पहले उन्हें एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। बाद में बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया था।**

हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर राहुल पाराशर ने बताया कि जब उन्हें यहां लाया गया तो उस दौरान कार्डियक अरेस्ट आया था। इस पर सीपीआर देकर उन्हें फिर वेंटिलेटर पर लिया गया था। उन्हें गैंग्रीन सहित मल्टी ऑर्गन्स फेल्यूअर जैसी तकलीफ थी। इससे पहले एक मृतक की पहचान कमला बाई, पति तुलसीराम (59) के रूप में हुई। उसे 5-6 जनवरी से उल्टी-दस्त की शिकायत थी। हालत बिगड़ने पर 7 जनवरी को उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 9 जनवरी को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक का पति मजदूरी करता है। दोनों लगभग 20 दिन पहले ही जीवन की फेल से भागीरथपुरा में आकर रहने लगे थे। इस दौरान दूषित पानी पीने से कमला बाई की तबीयत बिगड़ गई। मौत के बाद परिजन ने भागीरथपुरा में नगर निगम की टीम और संबंधित केंद्र को इसकी जानकारी दी, लेकिन आधार कार्ड जीवन की फेल का होने के कारण इस मामले को दूषित पानी से हुई मौत के रूप में दर्ज नहीं किया गया। दूसरी तरफ, भागीरथपुरा में अभी भी लोगों में दूषित पानी का डर बना हुआ है। लोग आरओ, बोरिंग और बोतल के पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं। पानी को छानकर और उबालकर इस्तेमाल कर रहे हैं। इस बीच, आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या कम ज्यादा हो रही है। 8 जनवरी को जहां आईसीयू में 10 मरीज थे। 10 जनवरी को ये आंकड़ा 11 तक पहुंच गया। वहीं, 11 जनवरी को आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या 13 हो गई। जबकि पिछले कई दिनों से 3 मरीज वेंटिलेटर पर बताए जा रहे हैं।



# तंदूर बार रेस्टोरेंट में विवाद...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विजयनगर में खाना खाने गए युवकों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि सभी विजयनगर की एक रेस्टोरेंट पर खाना खाने पहुंचे थे। यहां उसके मालिक ने विवाद किया। इसके बाद युवकों के साथ मिलकर जमकर मारपीट की। पुलिस ने नारायण गौर निवासी न्यायनगर ने बताया कि वह तंदूर बार रेस्टोरेंट भमोरी सी 21 माल के पास रविवार रात खाना खाने पहुंचे। इस दौरान दोस्त सत्यम भी मौजूद था। इस दौरान रेस्टारेंट का मालिक ने कहां कि रेस्टोरेंट बंद करने का समय हो गया है। बाहर निकल जाएं। उन्होंने कहा कि 10 मिनट बाकी है। जल्दी बाहर करने का क्या कारण है। इस पर तंदूर बार के मालिक ने अपशब्द कहे। वहीं स्टाफ भी मौके पर आ गया। उसके हाथ के कंडे से सिर में लगी। जिसमें सिर में चोट लगने के दौरान नारायण गौर को ब्लड आने लगा। रात में उसे दोस्त सत्यम अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दी गई। बयान के बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक